रजिस्ट्री सं० डी० 222 REGISTERED No. D. 222

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 20] नई दिल्ली, शनिवार, मई 19, 1973/वैशाख 29, 1895
No. 20] NEW DELHI, SATURDAY, MAY 19, 1973/VAISAKHA 29, 1895

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
Separate Paging is given to this part in order that it may be filed as a separate compilation.

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)

PART II—Section 3—Sub-section (i)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किये गये विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उपनियम आदि सम्मिलित हैं ।

General Statutory Rules (including orders, by-laws etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories).

मंत्रिमंडल सचिवालय

(कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग)

आदेश

नई दिल्ली, 31 मार्च 1973

सा.का. नि. 507.—भारतीय वन सेवा (संवर्ग) नियम, 1966 के नियम 5 के उपनियम (2) के साथ पठित हिमाचल प्रदेश राज्य अधिनियम, 1970 (1970 का 53) की धारा 39 की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा संघ राज्य क्षेत्र संवर्ग में लिये गये भारतीय वन सेवा के सदस्य श्री आर. डी. रावल को 25 जनवरी 1971 से इस सेवा के हिमाचल प्रदेश संवर्ग आवंटित करती है ।

[सं 3/47/71-अ भा से (4)(i)]

CABINET SECRETARIAT

(Department of Personnel & Administrative Reforms)

ORDER

New Delhi, the 31st March, 1973

G.S.R. 507 —In exercise of the powers conferred by sub-section (4) of Section 39 of the State of Himachal Pradesh Act, 1970 (53 of 1970) and sub-section (1) of section 3 of the All India Services Act, 1951 (61 of 1951) read with sub-rule (2) of Rule 5 of the Indian Forest Service (Cadre) Rules, 1966 the Central Government hereby allocates Shri R. D. Rawal, a member of the Indian Forest Service borne on the cadre of the Union Territories, to the Himachal Pradesh Cadre of that Service, with effect on and from the 25th January, 1971.

[No. 3/47/71-AIS(IV) (i)]

आदेश

सा. का. नि. 508.—पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 (1966 का 31) की धारा 82 उपधारा (2) तथा भारतीय वन सेवा (संवर्ग) नियम, 1966 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार संबंधित राज्य सरकार से परामर्श करके एतद्द्वारा निदेश देती है कि श्री आर. डी. रावल जो भारतीय वन सेवा के सदस्य हैं और जिन्हें पहली नवम्बर, 1966 के तत्काल पूर्व से इस सेवा के पंजाब संवर्ग में लिया गया है, उसी दिन से ही इस सेवा के राज्य क्षेत्र संवर्ग में आवंटित किये गये समझे जाएंगे ।

[सं. 3/47/71-अ. भा. से. (4)(2)]

एम. आर. भारद्वाज, अवर सचिव

ORDER

G.S.R. 508.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of section 82 of the Punjab Reorganisation Act, 1966 (31 of 1966) and sub-rule (2) of Rule 5 of the Indian Forest Service (Cadre) Rules, 1966 and in consultation with the State Government concerned, the Central Government hereby directs that Shri R. D. Rawal, a member of the Indian Forest Service and borne immediately before the 1st day of November, 1966, on the Punjab Cadre of the Service shall, as with effect from and on that day, be deemed to have been allocated to the Union Territories Cadre of the said Service.

[No. 3/47/71-AIS(IV) (ii)]

M. R. BHARDWAJ, Under Secy

नई दिल्ली, 7 मई, 1973

सा. का. नि. 509.—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों और इस संबंध में उन्हें समर्थ बनाने वाली अन्य सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति, एतद्द्वारा केन्द्रीय सचिवालय सेवा नियम, 1962 में आगे और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. (1) ये नियम केन्द्रीय सचिवालय सेवा (दूसरा) संशोधन) नियम, 1973 कहे जाएंगे ।

(2) ये सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे ।

2. केन्द्रीय सचिवालय सेवा नियम, 1962 में—

(1) नियम 13 में प्रत्येक उप-नियम (2) और (7) के अन्तर्गत विद्यमान परन्तुकों के बाद निम्नलिखित परन्तुक और अन्तर्विष्ट किया जाएगा, अर्थात् :—

"परन्तुक यह और कि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के मामलों के संबंध में आरक्षण उन अनुदेशों के अनुसार किए जाएंगे जो समय-समय पर कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग, मंत्रिमण्डल सचिवालय द्वारा जारी किए जाएं" ।

(2) केन्द्रीय सचिवालय सेवा के अनुभाग अधिकारियों और सहायकों के ग्रेडों के लिए चयन सूचियों को बनाने और रखने के लिये विनियमों की चतुर्थ अनुसूची में वरिष्ठता से संबंधित उप-शीर्ष "खण्ड-सहायक ग्रेड" के अन्तर्गत पहले पैरे के नीचे और विनियम 3 के ऊपर आने वाली टिप्पणी को "टिप्पणी 2" संख्यांकित की जाएगी और इस प्रकार संख्यांकित किए जाने के पहले निम्नलिखित टिप्पणी अन्तर्विष्ट की जाएगी अर्थात् :—

"टिप्पणी 1—अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के अधिकारियों के मामलों पर विचार करते समय आरक्षण उन अनुदेशों के अनुसार किए जाएंगे जो समय-समय पर कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग, मंत्रिमण्डल सचिवालय द्वारा जारी किए जाएं ।"

[सं. 1/6/72-के. से.]

एस. के. वासुदेवन, अवर सचिव

New Delhi, the 7th May, 1973

G.S.R. 509.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and all other powers enabling him in this behalf, the President hereby makes the following rules further to amend the Central Secretariat Service Rules, 1962, namely :—

1. (1) These rules may be called the Central Secretariat Service (Second Amendment) Rules, 1973.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Central Secretariat Service Rules, 1962,—

(i) in rule 13, under each of the sub-rules (2) and (7) after the existing provisos, the following further proviso shall be inserted, namely—

"Provided further that while considering the cases of officers belonging to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes, reservation shall be made in accordance with such instructions as may be issued by the Department of Personnel and Administrative Reforms in the Cabinet Secretariat from time to time."

(ii) in the Fourth Schedule containing Regulations for the constitution and maintenance of the Select Lists for the Section Officers' and Assistants' Grades of the Central Secretariat Service, under the sub-heading "B-ASSISTANTS' GRADE", the Note occurring below the first paragraph and above regulation 3, relating to seniority may be renumbered, as "Note 2" and before that Note as so renumbered, the following Note shall be inserted, namely—

"Note 1.—While considering the cases of officers belonging to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes, reservation shall be made in accordance with such instructions as may be issued by the Department of Personnel and Administrative Reforms in the Cabinet Secretariat from time to time."

[No. 1/6/72-CS(I)]

M. K. VASUDEVAN, Under Secy.

नई दिल्ली, 10 मई, 1973

सा. का. नि. 510.—अखिल भारतीय सेवा अधिनियम, 1951 (1951 का 61) की धारा 3 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार संबंधित राज्य सरकारों से परामर्श करके, अखिल भारतीय सेवा (मृत्यु एवं सेवा निवृत्ति लाभ) नियम, 1958 में और आगे संशोधन करने के लिये एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है :—

1. (1) इन नियमों को अखिल भारतीय सेवाएं (मृत्यु एवं सेवा निवृत्ति लाभ) संशोधन नियम, 1973 कहा जा सकेगा ।

(2) ये नियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे ।

2. अखिल भारतीय सेवाएं (मृत्यु एवं सेवा निवृत्ति लाभ) नियम, 1958 के नियम 16 क के उपनियम (4) के खण्ड (ख) में,

(1) "बारह मास" शब्दों के स्थान पर,

"चौबीस मास" शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे,

(2) अन्त में निम्नलिखित परन्तुक जोड़ दिया जाएगा अर्थात् :—

"परन्तु यह कि जहां केन्द्रीय सरकार सन्तुष्ट हो कि चौबीस मास की उक्त अवधि में सेवा के किसी सदस्य की जन्मतिथि का निर्धारण करना व्यवहार्य नहीं है तो वह लिखित रूप में अभिलेखबद्ध कारणों के आधार पर उक्त अवधि को उतनी अवधि के लिये आगे बढ़ा सकती है जितनी वह उपयुक्त समझे ।"

[सं. 29/27/71-अ. भा. से. (2)]

एस. हबीबुल्लाह, अवर सचिव ।

New Delhi, the 10th May, 1973

G.S.R. 510—In exercise of the powers conferred by sub-Section (1) of Section 3 of the All-India Services Act, 1951, (61 of 1951) the Central Government, after consultation with the Governments of the States concerned hereby makes the following rules further to amend the All-India Services (Death-cum-Retirement Benefits) Rules, 1958, namely:—

1. (1) These rules may be called the All-India Services (Death-cum-Retirement Benefits) Amendment Rules, 1973.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the All-India Services (Death-cum-Retirement Benefits) Rules, 1958, in rule 16A, in clause (b) of sub-rule (4),

(i) for the words "twelve months", the words "twenty-four months" shall be substituted;

(ii) the following proviso shall be inserted at the end, namely:—

"Provided that where the Central Government is satisfied that it is not practicable to determine the date of birth of a member of the Service within the said period of twenty-four months, it may, for reasons to be recorded in writing, extend the said period by such further period as it may think fit."

[No. 29/27/71-AIS(II)]

S. HABEEBULLAH, Under Secy.

नई दिल्ली, 10 मई, 1973

सा. का. नि. 511.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हिन्दी अनुवादक, श्रेणी 1 (गृह मंत्रालय) प्रशासनिक सुधार विभाग, भर्ती नियम, 1972 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का नाम हिन्दी अनुवादक, श्रेणी 1 (गृह मंत्रालय) प्रशासनिक सुधार विभाग, भर्ती (संशोधन) नियम, 1973 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. हिन्दी अनुवादक, श्रेणी 1 (गृह मंत्रालय) प्रशासनिक सुधार विभाग, भर्ती नियम, 1972 में—

(1) नियम 2 में निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जाएगा, अर्थात्

"परन्तु उक्त अनुसूची के स्तम्भ 6 में सीधी भर्ती के लिए विनिर्दिष्ट अधिकतम आयु-सीमा, केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर निकाले गए साधारण आदेशों के अनुसार, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों की दशा में शिथिल की जा सकेगी ।

(2) नियम 4 के पश्चात् निम्नलिखित नियम अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

5. "व्यावृत्ति: इन नियमों की कोई भी बात ऐसे आरक्षणों और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी जिनका, केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबन्ध करना अपेक्षित है ।"

[सं. ए-12018/1/71-ए.आर (प्रशा.)]

एम. एल. सम्पतकुमारन, अवर सचिव ।

New Delhi, the 10th May, 1973

G.S.R. 511—In exercise of the powers conferred by proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Hindi Translator, Grade I (Ministry of Home Affairs), Department of Administrative Reforms Recruitment Rules, 1972, namely:—

1. (1) These rules may be called the Hindi Translator, Grade I (Ministry of Home Affairs) Department of Administrative Reforms Recruitment (Amendment) Rules, 1973.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Hindi Translator, Grade I (Ministry of Home Affairs) Department of Administrative Reforms Recruitment Rules, 1972:—

(1) to rule 2, the following proviso shall be added, namely:—

"Provided that the upper age limit specified in Column 6 of the said Schedule for direct recruitment may be relaxed in the case of candidate belonging to Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the general orders issued from time to time by the Central Government.",

(2) after rule 4, the following rule shall be inserted, namely:—

"5 **Saving**:—Nothing in these rules shall affect reservations and other concessions required to be provided for Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard."

[No. A-12018/1/71-AR(Admn.)]

M. L. SAMPATHKUMARAN, Under Secy.

वित्त मंत्रालय

केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्तालय, इलाहाबाद

कारण निदर्शन सूचना

(उस किसी भी व्यक्ति को जिससे यह संबंधित हो)

इलाहाबाद, 4 मई 1973

सा. का. नि. 512.—चूंकि संलग्न अनुबंध में उल्लिखित आरोपों में निर्दिष्ट वस्तुएं सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 111 के अंतर्गत जब्त करने योग्य प्रतीत होती हैं ।

और चूंकि संबंधित मालिक उक्त अनुबंध में निहित आरोपों को ध्यान में रखते हुए सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 112 के अंतर्गत दण्डनीय प्रतीत होता है ।

अतएव, अब, संबंधित मालिक से एतद्द्वारा यह अपेक्षित है कि वह इस सूचना के जारी किए जाने के दिनांक से एक माह के अन्दर, समाहर्ता, सीमाशुल्क तथा केन्द्रीय उत्पादन शुल्क, 38 महात्मा गांधी मार्ग, इलाहाबाद को इस मामले में स्पष्टीकरण दें तथा कारण बताएं कि अनुबंध में उल्लिखित वस्तुएं सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 111 के अंतर्गत क्यों न जब्त कर ली जायं और उसे सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 112 के अंतर्गत क्यों न दंडित किया जाय ।

संबंधित मालिक कारण बताते समय वे सभी साक्ष्य भी प्रस्तुत करें जिनका आश्रय वह अपने प्रतिवाद के समर्थन में लेने का इरादा रखता हो । उसे अपने लिखित स्पष्टीकरण में यह भी बताना चाहिए कि क्या वह मामले के अधिनिर्णीत होने से पूर्व व्यक्तिगत सुनवाई के अवसर का उपयोग करना चाहेगा । यदि लिखित स्पष्टीकरण में, इस संबंध में कोई उल्लेख न होगा तो यह समझा जायगा कि वह व्यक्तिगत सुनवाई के लिए इच्छुक नहीं है ।

यदि इस सूचना के जारी किए जाने के एक माह के भीतर प्रस्तावित कार्यवाही किए जाने के विरुद्ध कोई कारण नहीं बताया गया अथवा संबंधित मालिक की सुनवाई के लिए जो तारीख निश्चित की जाय, उस समय अधिनिर्णायक अधिकारी के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ तो मामले के गुण-दोष के आधार पर (उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर) एक-पक्षीय निर्णय लिया जायगा ।

अनुबंध

दिनांक 31-10-72 को सीमा शुल्क तथा केन्द्रीय उत्पादन शुल्क उन्नाव के अधिकारियों को यह सूचना मिली कि विदेशी पालचीनी के सात बंडलों का एक परेषण (कन्साइनमेन्ट) जिसकी तौल 351 कि. ग्राम (सकल भार) और जिसका मूल्य 52,500 रु. है, रेलवे स्टेशन माल गोदाम, मगरवारा में पड़ा हुआ है । उक्त माल गोरखुला रेलवे स्टेशन (बिहार) से भेजा गया था और गोरखुला रेलवे स्टेशन (बिहार) में प्राप्त परेषण नोट में परेषक (कन्साइनर) श्री राजेन्द्र प्रसाद और परेषिती (कन्साइनी) श्री राम प्रसाद के नाम थे और माल का नाम तेज मसाला था । रेलवे के रिकार्डों को देखने और उन्हें जांचने पर यह सुनिश्चित किया गया कि परेषण (कन्साइनमेंट) 5-10-72 को सील किए हुए वैगन नं. एस. ई. 54405 में प्राप्त हुआ था और इसके साथ कानपुर अनवरगंज से रेलवे द्वारा लादने उतारने या बीजक का कोई मेमो प्राप्त नहीं हुआ था । इन सातों बंडलों पर "3/7 गोरखला से मगर वारा" (3/7 जीकेएल टू एमजीडब्ल्यू) मार्क थे । इसलिए यह परेषण 1-11-72 को रोक लिया गया और आयात नियंत्रण आदेश 1955 (1970 तक यथा संशोधित) के साथ पठित आयात और निर्यात अधिनियम, 1947 की धारा 3(1) के अंतर्गत लगाए गए प्रतिबंधों के उल्लंघन में लावारिस (अनक्लेम्ड) माल के रूप में तारीख 24-11-72 को पकड़ (सीज कर) लिया गया ।

बाद की पश्चवर्ती कार्यवाही और जांच से यह मालूम हुआ कि उक्त माल नेपाल से भारत में चोरी छिपे लाया गया अथवा कलकत्ता सीमा शुल्क सीमा(बार्डर) से नेपाल ले जाए जाने के बजाय इसकी दिशा भारत की ओर कर दी गई । आगे यह भी मालूम हुआ कि परेषक और परेषिति के नाम निश्चित रूप से फर्जी थे ।

उक्त परेषक श्री राजेन्द्र प्रसाद और परेषिति श्री राम प्रसाद के बारे में मगरवारा अथवा कानपुर में कोई पता नहीं चल सका ।

उक्त माल को सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 110 के अंतर्गत, इस यथोचित विश्वास के साथ पकड़ (सीज कर) लिया गया कि उसे अधिसूचना सं. 76/एफ एम 80/83/65-एल. सी.-1 दिनांक 19-5-65 और सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 11 के उपबन्धों का उल्लंघन करते हुए नेपाल से चोरी छिपे भारत में लाया गया है ।

उक्त माल के मालिक ने सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 11-सी, 11-डी और 11-ई का भी उल्लंघन किया है ।

[पत्र सं. VIII(10) सी. शु.-अधि. नि.-2/73]

सिद्धार्थ काक, सहायक समाहर्ता (निवारक)
कृते समाहर्ता

MINISTRY OF FINANCE

CENTRAL EXCISE COLLECTORATE

NOTICE TO SHOW CAUSE

(To whomsoever it may concern)

Allahabad, the 4th May, 1973

G.S.R. 512.—Whereas the goods referred to in the allegations enumerated in the enclosed annexure appear to be liable to confiscation under Section 111 of the Customs Act, 1962.

And whereas the owner concerned in view of the allegation contained in the said annexure appears to be liable to penalty under Section 112 of the Customs Act, 1962.

Now, therefore, the owner concerned is hereby required to explain the matter and to show cause to the Collector of Customs and Central Excise 38, M. G. Marg, Allahabad, within one month of the date of the issue of this notice why the goods mentioned in annexure should not be confiscated under Section 111 of the Customs Act, 1962 and why he should not be penalised under Section 112 of the Customs Act, 1962.

The owner concerned should also produce at the time of showing cause all the evidence upon which he intends to

rely in support of his defence. He should also indicate in the written explanation whether he would like to avail of the opportunity to be heard in person before the case is adjudicated. If no mention is made about this in his written explanation, it would be presumed that he does not desire a personal hearing.

If no cause is shown against the action proposed to be taken within one month of the issue of this notice, or the owner concerned does not appear before the adjudicating officer when the case is posted for hearing the case will be decided *ex-parte* on its own merits.

ANNEXURE

On 31-10-1972 Customs and Central Excise Officers Union received an information that a consignment of 7 bundles of foreign "Cinnamon" (Dalchini) weighing 351 kgs. (gross weight) valued at Rs. 52,500/- was lying at the Railway Station Goods Shed, Magarwara. The goods were booked from Gokhula Railway Station (Bihar) with the name of consignor Shri Rajendra Prasad and consignee Shri Ram Prasad as Taj Masala as per forwarding note received at Gokhula Railway Station (Bihar). On perusal and examination of the Railway records it was ascertained that the consignment was received in sealed wagon No. NE 54405 on 5-10-1972 without any Railway loading and unloading or any invoice memo received from Kanpur Anwar Ganj. The marking on all the seven bundles bear 3/7 Gokhula to Magharwara (3/7-GKA to MGW). As such the consignment was detained on 1-11-1972 and seized on 24-11-1972 as unclaimed in contravention of restrictions imposed under Section 3(1) of the Import and Export Control Act, 1947 read with the Import Control orders 1955 (as amended up to 1970).

On further follow up action and investigations it is revealed that the goods were smuggled from Nepal to India or diverted to India instead of finding its way to Nepal from Calcutta Customs border. It was further revealed that the names of consignor and consignee was invariably fictitious.

Shri Rajendra Pd. the consignor and consignee Shri Ram Prasad of the above consignment could not be traced out either at Magharwara or at Kanpur.

The above goods were seized under Section 110 of the Customs Act, 1962 in the reasonable belief that these have been smuggled from Nepal into India in contravention of the provisions of Notification No. 76/F. No. 80/83/65-LCI dated 19-6-1965 and Section 11 of the Customs Act, 1962.

The owner of the goods has also contravened the provisions of Section 11C, 11D, and 11E of the Customs Act, 1962.

[C. No. VIII(10) Cus.-Adj-2(73)]
S. KAK, Asstt. Collector Prev.
for Collector

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली 30 अप्रैल, 1973

सा. का. नि. 513.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत सरकार कल्याण विभाग की अधिसूचना सं. सा. का. नियम 494 दिनांक मार्च 21, 1970 के अधीन प्रकाशित अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के आयुक्त और पिछड़े वर्गों के कल्याण के महानिदेशक (श्रेणी 1 और श्रेणी 2 अनुसंधान एवं मूल्यांकन पद) नियुक्त नियम 1970 को और संशोधित करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों को अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जन जातियों के आयुक्त और पिछड़े वर्गों के कल्याण के महा निदेशक (श्रेणी 1 और श्रेणी 2 अनुसंधान एवं मूल्यांकन पद) भर्ती (संशोधन) नियम, 1973, के नाम से पुकारा जाय ;

(2) ये नियम शासकीय राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे ।

2. अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जन जातियों के आयुक्त और पिछड़े वर्गों के कल्याण के महा निदेशक (श्रेणी 1 और 2 अनुसंधान एवं मूल्यांकन पद) भर्ती नियम, 1970 की सूची में,

(1) निम्नलिखित पदों के संबंध में क्रम संख्या 1 के सामने (क) क्षेत्रीय निदेशक, पिछड़े वर्गों का कल्याण, और (ख) अनुसूचित जातियों एवं जन जातियों के उपायुक्त ,

(1) कालम 2 प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि प्रतिस्थापित की जाएंगी, अर्थात् —

पदोन्नति

नियमित आधार पर अपने ग्रेड में नियुक्ति के बाद 10 वर्ष की सेवा वाले पिछड़े वर्गों के कल्याण के उप निदेशक ।

प्रतिनियुक्ति.—भारत सरकार में उप सचिव की नियुक्ति के पात्र भारतीय प्रशासन सेवा, भारतीय सीमांत प्रशासन सेवा और केन्द्रीय सेवा श्रेणी 1 के उपयुक्त अधिकारी ।

(प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतः 4 वर्ष से अधिक नहीं होगी),

(2) पिछड़े वर्गों के कल्याण के उप निदेशक के संबंध में क्रम संख्या 2 के सामने, (1) कालम 6 में प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि प्रतिस्थापित की जाएगी, अर्थात् :—

"**40 वर्ष.**—(सरकारी कर्मचारियों के संबंध में छूट दी जा सकती है ।)"

(2) कालम 7 में प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि प्रतिस्थापित की जाएगी ; अर्थात् —

अनिवार्य.—

(1) किसी मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा समकक्ष स्तर की संस्था से समाज कार्य या समाज विज्ञान या समाज मानव-विज्ञान या समाज मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि ।

(2) समाज कल्याण संगठन के नियोजन या विकास कार्य में लगभग 7 वर्ष का अनुभव ।

(अन्यथा सुयोग्य उम्मीदवारों के मामले में आयोग के विवेक पर योग्यताओं के संबंध में छूट दी जा सकती है) ।

वांछनीय.—

(1) अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जन जातियों के कल्याण से संबंधित समस्याओं की पर्याप्त जानकारी हो ।

(2) रिपोर्ट तैयार करने/सांख्यिकीय प्रणालियां तैयार करने का अनुभव हो ।

(3) कालम संख्या 10 में प्रविष्टि 4 के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि प्रतिस्थापित की जाएगी , अर्थात् :—

"50 प्रतिशत पदोन्नति द्वारा ;

25 प्रतिशत स्थानान्तरण या प्रतिनियुक्ति द्वारा ऐसा न हो सकने की स्थिति में सीधी भर्ती द्वारा ,

25 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा ।"

(4)) कालम 11 में प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि प्रतिस्थापित की जाएगी ; अर्थात् —

पदोन्नति.—नियमित आधार पर अपने ग्रेड में नियुक्ति के बाद 6 वर्ष की सेवा वाले अनुसंधान अधिकारियों या विश्लेषक (कल्याण सांख्यिकी) ।

स्थानान्तरण या प्रतिनियुक्ति.—केन्द्रीय सरकार राज्य सरकारों के अधीन समान पदों पर कार्य कर रहे या रु. 400—950 के वेतन मान के पदों पर कम से कम 5 वर्ष की सेवा वाले या समकक्ष और समाज कल्याण कार्य के नियोजन या विकास का अनुभव वाले अधिकारी ।

(प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतः 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी) ।

[सं. 3/3/71-अनु. जा. ज. (1)]

ओ. आर. श्रीनिवासन, अवर सचिव

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

New Delhi, the 30th April, 1973

G.S.R. 513.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes and Director General, Backward Classes Welfare (Class I and II Research and Evaluation posts) Recruitment Rules, 1970, published with the Notification of the Government of India, in the Department of Social Welfare No. G.S.R. 484 dated the 21st March, 1970, namely :—

1. (1) These rules may be called the Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes and Director General, Backward Classes Welfare (Class I and II Research and Evaluation posts) Recruitment (Amendment) Rules, 1973,—

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Schedule to the Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes and Director General, Backward Classes Welfare (Class I and II Research and Evaluation posts) Recruitment Rules, 1970,—

(1) against serial number 1 relating to the posts of

(a) Zonal Director, Backward Classes Welfare; and

(b) Deputy Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes,—

(i) for the entry in column 11, the following entry shall be substituted, namely:—

Promotion

"Deputy Directors, Backward Classes Welfare with 10 years service in the grade, rendered after appointment thereto on a regular basis.

Deputation

Suitable officers of the I.A.S., I.F.A.S. and Central Services Class I eligible for appointment as Deputy Secretary to the Government of India.

(Period of deputation—ordinarily not exceeding 4 years)";

(2) against serial number 2 relating to the post of Deputy Director, Backward Classes Welfare,—

(i) for the entry in column 6, the following entry shall be substituted, namely:—

"40 years

(relaxable for Government servants)";

(ii) for the entry in column 7, the following entry shall be substituted, namely:—

"Essential

(i) Master's degree in Social Work or Sociology or Social Anthropology or Social Psychology of a recognised University or equivalent.

(ii) About 7 years experience of work in planning or development of social welfare organisation.

(Qualifications relaxable at Commissions discretion in case of candidates otherwise well qualified).

Desirable

(i) Adequate acquaintance with problems relating to the welfare of Scheduled Castes/Tribes.

(ii) Experience of drafting reports/statistical methods.";

(iii) for the entry in column 10, the following entry shall be substituted, namely:—

"50 per cent by promotion;

25 per cent by transfer or deputation, failing which by direct recruitment;

25 per cent by direct recruitment.".

(lv) for the entry in column 11, the following entry shall be substituted, namely:—

"Promotion

Research Officers or Analysts (Welfare Statistics) with 6 years service in the grades rendered after appointment thereto on a regular basis.

Transfer or deputation

Officers under the Central Government or State Governments holding analogous posts or with atleast 5 years service in posts in the scale of Rs. 400—950 or equivalent and having experience in planning or development of Social Welfare work.

(Period of deputation—ordinarily not exceeding 3 years)."

[No. 3/3/71-SCT (1)]

O. R. SRINIVASAN, Under Secy.

नई दिल्ली, 3 मई, 1973

सा० का० नि० 514—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, गृह मंत्रालय के अपराध विज्ञान और न्याय-संबंधी विज्ञान संस्थान में पुलिस-उपाधीक्षक के पद पर भर्ती की पद्धति को विनियमित करने वाले निम्नलिखित नियम एतद्द्वारा बनाते है, अर्थात :—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ** :—(1) इन नियमों का नाम अपराध विज्ञान और न्याय-संबंधी विज्ञान संस्थान, पुलिस-उपाधीक्षक भर्ती नियम, 1973 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. **पद-संख्या वर्गीकरण और वेतनमान** :—उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उसका वेतनमान वे होंगे जो इससे उपाबद्ध अनुसूची के स्तम्भ 2 से 4 तक में विनिर्दिष्ट है ।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और अन्य बातें** :—उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तम्भ 5 से 13 तक में विनिर्दिष्ट हैं।

निरर्हताएं—वह व्यक्ति

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है;

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का समाधान हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार मौजूद हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी ।

5. **शिथिल करने की शक्ति** :— जहां केन्द्रीय सरकार की राय हो कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है वहां वह, उसके लिए जो कारण है उन्हें लिपिबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके, इन नियमों के किसी उपबंध को, किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा, शिथिल कर सकेगी ।

6. **व्यावृत्ति** :— इन नियमों की कोई भी बात ऐसे आरक्षणों और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी जिनका, केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है ।

अनुसूची

गृह मंत्रालय के अपराध विज्ञान और न्याय-सम्बन्धी विज्ञान संस्थान में पुलिस उपाधीक्षक के पद के लिये भर्ती नियम

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन पद अथवा अचयन पद	सीधे भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों के लिये आयु-सीमा	भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों के लिये अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं
1	2	3	4	5	6	7
पुलिस-उपाधीक्षक	1	साधारण केन्द्रीय सेवा-वर्ग-2 राजपत्रित अननुसचिवीय	400-25-500-30-590—द० रो-30-800-द० रो० 30-830-35-900 रु०	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

सीधे भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों के लिये विहित आयु और शैक्षिक अर्हतायें प्रोन्नति की दशा में लागू होंगी या नहीं।	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो	भर्ती की पद्धति/भर्ती प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की, दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण किया जायेगा	यदि विभागीय प्रोन्नति समिति हो तो उस की संरचना	भर्ती करने के किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जायगा
8	9	10	11	12	13
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण	**प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण** राज्य पुलिस या केन्द्रीय पुलिस बल में समतुल्य पद धारण करने वाले अधिकारी या राज्य या केन्द्रीय पुलिस बल में पुलिस-निरीक्षक जो पुलिस उपाधीक्षक के पद पर प्रोन्नति के लिये अनुमोदित अधिकारी हो या जिसने निरीक्षक की श्रेणी में कम से कम 5 वर्ष नियमित सेवा की हो। (प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः 3 वर्ष अनधिक)	लागू नहीं होता	संघ लोक सेवा आयोग (परामर्श से छूट) विनियम, 1958 द्वारा यथा अपेक्षित।

[सं. 11/2/72-आई. जी. एफ. एस. (कार्मिक)]

पी. के. जी. कानूनगो, अवर सचिव

New Delhi, the 3 May 1973

G.S.R.514 In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Deputy Superintendent of Police in the Institute of Criminology and Forensic Science, Ministry of Home Affairs, namely :—

1. Short title and commencement : (1) These rules may be called the Institute of Criminology and Forensic Science, Deputy Superintendent of Police Recruitment Rules, 1973.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of Post Classification and scale of Pay :** The number of the post, its classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the Schedule hereto annexed.

3. **Methods of recruitment Age limit, Qualifications and other matters :** The method of recruitment to the said post, age limit, qualifications and other matters connected therewith shall be as specified in columns 5 to 13 of the said schedule.

4 **Disqualifications :** No person

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post :

Provided that the Central Government, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Power to Relax**: Where the Central Government is of the opinion that it is necessary of expedient so to do, it may by order for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. **Saving**: Nothing in these rules shall affect reservation and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

Recruitment Rules for the post of Deputy Superintendent of Police in the Institute of Criminology & Forensic Science (Ministry of Home Affairs)

Name of post	No of post	Classification	Scale of pay	Whether Selection Post or non-Selection post	Age limit for direct recruits.	Educational & other qualifications required for driect recruits.
1	2	3	4	5	6	7
Deputy Supdt of Police	1	General Central Service Class II Gazetted Non-Ministerial	Rs. 400-25-500-30-590-EB-30-800-EB 30-830-35-900	Not applicable	Not applicable	Not applicable

Whether age & Educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees	Period of probation if any	Method of rectt. Whether by direct rectt. or by promotion or by deputation/transfer & percentage of the vacancies to be filled by various methods	In case of rectt. by promotion deputation/transfer, grades from which promotion/deputation/transfer to be made.	If a DPC exists what is its composition.	Circumstances in which UPSC is to be consulted in making rectt.
8	9	10	11	12	13
Not Applicable	Not applicable.	Transfer on Deputation.	**Transfer on deputation:-** Officers of the State Police or Central Police Forces who are holding equivalent posts or Inspectors of Police in the State or Central Police Forces who are officers approved for promotion to the posts of Deputy Superintdent of Police or who have put in at least 5 years regular service in the grade of Inspector. (Period of deputation ordinarily not exceeding 3 years)	Not applicable	As required under the Union Public Service Commission (Exemption) from consultation) Regulations, 1958.

[No. 11/2/72-ICFS (Pers. I)]

P. K. G. KAIMAL Under Secy

नई दिल्ली, 5 मई, 1973

सा. का. नि. 515—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, महानिदेशालय में सहायक वित्तीय सलाहकार के पद पर भर्ती की पद्धति को विनियमित करने वाले निम्नलिखित नियम एतद्द्वारा बनाते हैं, अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**—इन नियमों का नाम केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, (सहायक वित्तीय सलाहकार) भर्ती नियम, 1973 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पद-संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान.**—उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उसका वेतनमान वे होंगे जो उक्त अनुसूची के स्तम्भ 2 से 4 तक में विनिर्दिष्ट है।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं आदि.**—उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे सम्बन्धित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तम्भ 5 से 11 तक में विनिर्दिष्ट है :

4. **निरर्हताएं.**—वह व्यक्ति.—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है :

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का समाधान हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार मौजूद हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. **शिथिल करने की शक्ति.**—जहां केन्द्रीय सरकार की राय हो कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है वहां वह, उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लिपिबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके, इन नियमों के किसी उपबंध को, किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों या पदों की बाबत, आदेश द्वारा, शिथिल कर सकेगी।

6. **व्यावृत्ति.**—इन नियमों की कोई भी बात ऐसे आरक्षणों और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी जिनका, केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों अनुसूचित जनजातियों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबन्ध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, महानिदेशक में सहायक वित्तीय सलाहकार के पद के लिए भर्ती नियम

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन पद अथवा अचयन पद	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा	सीधे भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं
1	2	3	4	5	6	7
सहायक वित्तीय सलाहकार	एक	साधारण केन्द्रीय सेवा वर्ग-1 (राजपत्रित)	900-50-1250 रु०	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिये विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नति की दशा में लागू होगी या नहीं	परिवीक्षा की कालावधि, यदि कोई हो	भर्ती की पद्धति/भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों का प्रतिशत	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण किया जाएगा।	यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा।
8	9	10	11	12	13
लागू नहीं होना	2 वर्ष	प्रोन्नति द्वारा जिसके न होने पर प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण द्वारा (100 प्रतिशत)	**प्रोन्नति** — सहायक निदेशक (लेखा) जिसकी नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् उस श्रेणी में 3 वर्ष की सेवा हो। **प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण** किसी भी संगठित लेखा सेवा अर्थात् भारतीय सम्परीक्षा और लेखा सेवा, भारतीय रक्षा लेखा सेवा या भारतीय रेल लेखा सेवा आदि के काल-वेतनमान अधिकारी। (प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः 3 वर्ष से अनधिक)	वर्ग-1 विभागीय प्रोन्नति समिति।	संघ लोक सेवा आयोग के नियमों के अधीन यथा अपेक्षित

[सं. फा. 2/60/71-स्थापन (सी. आर पी. एफ) (कार्मिक-1)]
पी. पी. खन्ना, निदेशक

New Delhi, the 5th May, 1973

G.S.R. 515.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Assistant Financial Adviser in the Directorate General, Central Reserve Police Force, namely :—

1. **Short Title and Commencement.**—(1) These rules may be called the Central Reserve Police Force (Assistant Financial Adviser) Recruitment Rules, 1973.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the official Gazette.

2. **Number, Classification and Scale of Pay.**—The number of the said post, its classification and the scale of pay attached thereto, shall be as specified in columns 2 to 4 of the Schedule hereto annexed.

3. **Method of Recruitment, Age Limit, Qualification etc.**—The method of recruitment, age limit, qualifications, and other matters relating to the said post shall be as specified in columns 5 to 11 of the said Schedule.

4. **Disqualifications.**—No person,—(a) who has entered into, or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person, shall be eligible for appointment to this post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Power to relax.**—Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, for reasons to be recorded in writing, and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. **Saving.**—Nothing in these rules shall effect reservations and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time.

SCHEDULE

Recruitment rules for the post of Assistant Financial Adviser in Ministry of Home Affairs in the Directorate of central Reserve Police Force

Name of Post	No. of Post	Classification	Scale of Pay	Whether selection post or non selection Post	Age limit for direct recruits	Educational and other qualifications required for direct recruits
1	2	3	4	5	6	7
Asistant Financial Adviser.	1	General Central Services Class I Gazetted.	Rs. 900-50-1250.	Not applicable.	Not applicable.	Not applicable.

Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of Promotees.	Priod of probation if any.	Method of rectt. whether by direct rectt. or by deputation/ transfer and percentage of the vacancies to be filled by various methods.	In case of rectt. by promotion/deputation/ transfer, grades from which promotion deputation/transfer to be made.	If a DPC exists what is its composition.	Circumstances in which U. P. S. C. is to be consulted in making rectt.
8	9	10	11	12	13
Not applicable.	2 years.	By transfer on deputation/promotion	*Transfer on deputation/promotion/* Time scale officers from any of the organised Accounts Services, namely Indian Audit and Accounts Service, Indian Defence Accounts Service or Indian Railway Accounts Service etc., or Accounts/Audit Officers with atleast 8 years service in the grade from any of the organised Accounts Departments, namely Indian Audit and Accounts Department, Indian Defence Accounts Department, Indian Railway Accounts Department etc., Assistant Director (Accounts) in the Central Reserve Police Force with 3 years service in the grade shall also be considered and if the departmental Officer is selected, the post shall be treated to have been filled by promotion. (Period of deputation—ordinarily not exceeding 3 years).	Not applicable.	As required under the Union Public Service commission (Exemption from consultation) Regulations 1958.

[No. F. 2/60/71-Ests(CRPF) (Pers. I]

P. P. KHANNA, Director (Police)

विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली, 24 अप्रैल, 1973

सा. का. नि. 516.—भारतीय विदेश सेवा, शाखा, 'ख' (भर्ती संवर्ग, वरिष्ठता और पदोन्नति) नियम, 1964 के नियम 13 के उपनियम (2) के खण्ड (1) के साथ पठित नियम 20 का अनुपालन करते हुए, केन्द्र सरकार, एतद्द्वारा, संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से, भारतीय विदेश सेवा, शाखा 'ख' के सामान्य संवर्ग के एकीकृत वर्ग 2 और 3 (सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा) विनियम, 1965 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाती है, यथा:—

1. (1) इन विनियमों को भारतीय विदेश सेवा, शाखा 'ख' के सामान्य संवर्ग के एकीकृत वर्ग 2 और 3 (सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा) संशोधन विनियम, 1973 कहा जाएगा ।

(2) सरकारी गजट में प्रकाशित होने की तारीख से वह नियम लागू हो जाएंगे ।

भारतीय विदेश सेवा, शाखा 'ख' के सामान्य संवर्ग के एकीकृत वर्ग 2 और 3 (सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा) विनियम, 1966, में,—

(1) 'शब्द' विदेश मंत्रालय में हटा दिए जाएंगे ।

(2) विनियम 2 के उप-विनियम (1) के खण्ड (ख) में 'चयन-सूची बनाने के लिए आयोग द्वारा धारित,' शब्दों के स्थान पर, शब्दों, कोष्ठकों और अंकों सहित निम्नलिखित शब्द रखे जाएंगे—'भारतीय विदेश सेवा, शाखा, 'ख' (भर्ती, संवर्ग, वरिष्ठता और पदोन्नति) नियम, 1964 के नियम 13 के उपनियम (2) के खण्ड (1) के अधीन (इन विनियमों में इससे आगे इन्हें उक्त नियम कहा गया है) 'चयन समिति' में शामिल करने के लिए आयोग द्वारा धारित' ।

(3) विनियम 3 के खण्ड (1) में शब्द 'विदेश मंत्रालय में' हटा दिए जाएंगे ।

(4) विनियम 4 में,

(क) खण्ड (1) में शब्द 'निरन्तर' के बाद शब्द 'स्वीकृत' और जोड़ दिया जाएगा और शब्द 'पदों' के स्थान पर शब्द 'श्रेणीयों' रखा जाएगा ।

(ख) खण्ड (2) में जिन दो स्थानों पर संख्या '40' लिखा गया है, उसकी जगह संख्या '45' कर दिया जाएगा और उक्त खण्ड के प्रथम परन्तुक में शब्द, 'विदेश मंत्रालय में' हटा लिए जाएंगे;

(ग) खण्ड (3) और (4) के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड रखा जाएगा :—

(3) शुल्क—वह आयोग द्वारा निर्धारित शुल्क अदा करेगा ;

(घ) नोट 2 हटा दिया जाएगा और इसलिए शब्द और संख्या नोट 1 के स्थान पर शब्द 'नोट' रखा जाएगा यथा:—

(5) उप विनियम (1) और विनियम-7 में, वर्तमान परन्तुक के स्थान पर निम्नलिखित परन्तुक रखा जाएगा, यथा:—

'शर्त यह है कि आयोग, अनुसूचित जाति और जनजाति के उम्मीदवारों के नामों की सिफारिश, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित रिक्त स्थानों की उस सीमा तक जो सामान्य मानक के आधार पर ऐसे उम्मीदवारों द्वारा भरी न जा सकती हों, घटाए हुए मानक के आधार पर कर सकता है, किन्तु इस प्रकार के उम्मीदवार सेवा में चुने जाने के लिए उपयुक्त होने चाहिए योग्यता-क्रम में उनकी स्थिति चाहे जो हो ।'

[सं. क्यू (पी. बी.) 578/2/72]

आफताब सेठ, अवर सचिव.

MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS

New Delhi, the 24th April, 1973

G.S.R. 516.—In pursuance of rule 20, read with clause (i) of sub-rule (2) of rule 13, of the Indian Foreign Service, Branch 'B', (Recruitment, Cadre, Seniority and Promotion) Ruls 1964, the Central Government, hereby makes, in consultation with the Union Public Service Commission, the following regulations further to amend the Integrated Grades II and III of the General Cadre of the Indian Foreign Service, Branch 'B', (Limited Departmental Competitive Examination) Regulations, 1965, namely :—

1. (1) These regulations may be called the Integrated Grades II and III of the General Cadre of the Indian Foreign Service, Branch 'B', (Limited Departmental Competitive Examination) Amendment Regulations, 1973.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

In the Integrated Grades II and III of the General Cadre of the Indian Foreign Service, Branch 'B', (Limited Departmental Competitive Examination) Regulations, 1966,—

(i) in the recital invoking the power to make regulations, before the words "Indian Foreign Service", the word "the" shall be inserted, and the words "in the Ministry of External Affairs" shall be omitted;

(ii) in clause (b) of sub-regulation (1) of regulation 2, for the words "held by the Commission for making the Select List", the words, brackets and figures "held by the Commission under clause (i) of sub-rule (2) of rule 13 of the Indian Foreign Service, Branch 'B', (Recruitment, Cadre, Seniority and Promotion) Rules, 1964 (hereafter in these Regulations referred to as the said Rules) for inclusion in the Select List" shall be substituted ;

(iii) in clause (i) of regulations 3, the words "in the Ministry of External Affairs" shall be omitted;

(iv) in regulation 4,

(a) in clause (1), after the words "continuous", the word "approved" shall be inserted, and for the word "posts", the word "grades" shall be substituted;

(b) in clause (2), for the figures "40", at the two places where they occur, the figures "45" shall be substituted, and in the first proviso to the said clause, the words "in the Ministry of External Affairs" shall be omitted;

(c) for clauses (3) and (4), the following clause shall be substituted, namely :—

"(3) **Fees.**—He must pay the fees prescribed by the Commission.";

(d) Note-II shall be omitted and consequently for the word and figure "Note I", the word "Note" shall be substituted;

(v) in sub-regulation (1) of regulation 7, for the existing proviso, the following proviso shall be substituted, namely :—

"Provided that candidates belonging to any of the Scheduled Castes or the Scheduled Tribes may, to the extent the number of vacancies reserved for the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes cannot be filled on the basis of the general standard, be recommended by the Commission by a relaxed standard to make up the deficiency in the reserved quota, subject to the fitness of these candidates for selection to the Service irrespective of their ranks in the order of merit at the examination."

[No. Q(PB)578/2/72]

AFTAB SETH Under Secy.

स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय

(परिवार नियोजन विभाग)

नई दिल्ली, 10 अप्रैल, 1973

